पोस्टर का विमोचन किया

भरतपुर (निस)। प्रयत्न संस्था भरतपुर द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 27 नवम्बर को भरतपुर जिले के पांच ब्लॉक के 50 गांव में बाल विवाह विरुद्ध जागरूकता रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके संदर्भ में गुरूवार को प्रयत्न संस्था के जवाहर नगर कार्यलय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी के दौरान बाल विवाह रोकने को लेकर एक पोस्टर का भी विमोचन किया गया। विचार गोष्ठी में बाल विवाह रोकने में पत्रकारिता के योगदान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजाराम भूतोली तथा सदस्य भूपेंद्र के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रयत्न संस्था की प्रोजेक्ट हेड शालू हेंब्रम ने बाल विवाह मुक्त अभियान के उद्देश्य के बारे में विस्तार में जानकारी दी तथा कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा निर्देशित किए गए। बाल विवाह अभियान की पोर्टल को प्रत्येक जिले में सीएमपीओ द्वारा जितने भी शिकायत आएगी बाल विभाग की उनको प्रत्येक जिला के सीएमपी उसको दर्ज करेंगे और एक समेकित रूप से बाल विवाह की शिकायत को अपने जिले में काम करने के लिए प्रत्येक विभाग महिला बाल अधिकारिता विभाग, महिला बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति एवं एनजीओ के साथ मिलकर के बाल विभाग मुक्त को खत्म करने की एक बीड़ा उठाया गया है।

जिला संगठन पर्व की बैठक मनोज भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला संगठन पर्व की बैठक जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अतिथी संगठन पर्व संभाग प्रभारी पुखराज पहाड़िया एवं भरतपुर संभाग प्रभारी हेमराज मीणा, संगठन पर्व जिला प्रभारी शंकर सिंह राजपुरोहित संगठन सह प्रभारी भानूप्रताप एवं रविन्द्र जैन रहें। जिसमें जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने कहा कि पार्टी में 30 नवम्बर तक सदस्यता अभियान व सक्रिय सदस्यता अभियान पूर्ण होने जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व में 1 दिसम्बर से 5 दिसम्बर तक बूथ समितियों का गठन करना है और बूथों पर 11 सदस्यों की समिति बनानी है प्रत्येक बूथ का कार्यवाही रजिस्ट्रर तैयार किया जावेगा जिला अध्यक्ष ने सदन को बताया कि वर्तमान में मण्डल स्तर पर संगठन पर्व की बैठकों का आयोजन किया जा चुका है तथा मण्डल स्तर तक प्रभारी एवं सह-प्रभारी की नियुक्ति की जा चुकी है।

बैठक में मुख्य अतिथि पुखराज पहाड़िया ने संवोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजनैतिक पार्टी होते हुए भी अपना विधान रखने वाली है तथा संवैधानिक जिसमें निर्वाचन एवं संगठन की सरंचना का गठन वैधानिक व स्वतंत्र तरीके से होता है प्रत्येक बूथ स्तर पर भी संगठन की प्रक्रिया अपनायी जाती है।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला संगठन पर्व की बैठक आयोजित की गयी ।

संगठन पर्व पर प्रकाश डालते हुए रविन्द्र जैन ने बताया कि प्रत्येक 6 साल में यह पर्व पार्टी में आंत्रिक रुप से किया जाता है जिससे जमीनी कार्यकर्ता को भी पार्टी की सक्रिय सदस्यता में हिस्सा लेने का अवसर मिल जाता है। संभाग प्रभारी हेमराज मीणा ने बताया कि भाजपा का एक ऐसा संगठन है जिसमें कार्यकर्ताओं में ओझ एवं तेज होता है। कार्यकर्ताओ के द्वारा ही मण्डल अध्यक्षों का चयन एवं पदाधिकारियों का चयन किया जाता है। शीघ्र ही संगठन पर्व के दौरान बूथ अध्यक्ष से लेकर मण्डल अध्यक्ष तक के गठन की प्रक्रिया आरम्भ होने जा रही है। भाजपा ही एक ऐसा संगठन है जो अपने विधान के अनुसार काम करता है जिसमें परिवारवाद को जगह नहीं होती है। इस अवसर पर, गिरधारी गुप्ता, योगेन्द्र राजू कटारा, मनोज खण्डेलवाल, मोहन रारह, बृजेश अग्रवाल, शपीक खान, कुशलपाल सिंह राजावत, अशोक सिघंल, अनिल शर्मा, रिषभ बंसल, धर्मेन्द्र जाटव, पंकज शर्मा, रोहित उपाध्याय, राकेश खौकर, जीतू रुधिया नगर आदि कार्यकर्ता मौजदू रहे।

बस स्टैंड बनवाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

कामां भरतपुर (निस)। कामां विधानसभा क्षेत्र में बस स्टैंड की मांग काफी लंबे समय से चली आ रही है जिसे आज तक आमजन की समस्या को देखते हुए पूरी नहीं किया है। राजस्थान में भाजपा की सरकार है जिसमें भी कस्बे के लोगों ने सरकार व सरकार से जुड़े जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि कामां में बस स्टैंड बनवाया जाए जिस पर सरकार द्वारा पहल करते हुए कामां में बस स्टैंड बनवाने की मांग पूरी हुई है। गुरुवार को उपखंड अधिकारी को अख्खरवाड़ी पर बस स्टैंड बनवाने के लिए एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि संवत 2003 से पहले से हम काश्तकार व काबिज है। यह जमीन कोई धार्मिक संस्था या मंदिर की नहीं है परन्तु हमारी पुश्तैनी जमीन को कुछ लोग यात्रा पड़ाव बताकर सरकार द्वारा एलॉट किये गये बस स्टैण्ड को रुकवाना चाहते है। यात्राएँ 84 कोसी की हर साल आती है और काश्तकारों के खेतों में ही पड़ाव होता है। हमारी जमीन के आस पास के काश्तकारों के खेतों में भी यात्रा रुकती आ रही है। जो भी यात्रा रूकती है हम काश्तकारों की सहमति से रूकती है, इसका मतलब यह नहीं कि यह जमीन यात्रा पड़ाव की हो गयी। अख्खरवाड़ी पर बस स्टैण्ड के कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराए। जो महाराज शिकायत कर रहे है उनके पास सैकड़ों बीघा जमीन, खिजूरवारी, धर्मकुण्ड, श्रीकुण्ड आदि है ।

सार-समाचार

जन्मदिन पर वृक्षारोपण किया

हिंडौन सिटी करौली (नि.स.)। भारतीय जनता पार्टी की खेड़ा मंडल अध्यक्ष गीता देवी जाट ने अपने बेटे नवदीप सिंह चैधरी के 10 वे जन्मदिन के अवसर पर गांव खेड़ा जमालपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग के अधिकारी,कर्मचारी, गणमान्य लोगों की मौजूदगी में पौधारोपण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी की खेड़ा मंडल अध्यक्ष ने अपने बेटे नवदीप सिंह ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान में पौधारोपण का पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया इस दौरान उन्होंने मौजूद विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन यापन के लिए पर्यावरण को संरक्षण देना बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि आज प्रदूषण भरे वातावरण में मनुष्य विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहा है जिससे बचने के लिए प्रकृति मे संतुलन बनाना जरूरी है और यह संतुलन पर्यावरण के संरक्षण से ही बनाए जा सकता है उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसे संरक्षण देकर बड़ा करने की जिम्मेदार लेनी चाहिए भाजपा मंडल अध्यक्ष चैधरी की और से समय-समय विद्यालय में शैक्षिक एवं शैक्षिणक गतिविधियों में सहयोग करने में गरीब बच्चों को मदद करने का काम भी किया जाता है इस अवसर पर उनके पति जगदीश सिंह चैधरी सहित गांव के गणमान्य लोग और विद्यालय के समस्त अध्यापक भी मौजूद रहे जिन्होंने पौधारोपण कर जन्मदिन मनाने के अनूठी पहल कि इस दौरान जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर सहित भाजपा जिला अध्यक्ष शिव कुमार सैनी एवं भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

शिविर का आयोजन

गंगापुर सिटी । जिला गंगापुर सिटी में निवासरत घुमंतू समुदाय विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू के आवश्यक दस्तावेजों के लिए सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग की ओर से शिविर का आयोजन पंचायत समिति परिसर में किया गया। शिविर का जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी लक्ष्मण सिंह और विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर ने विधिवत शुभारंभ किया शिविर का एसडीएम विजेंद्र मीणा ने निरीक्षण किया। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी लक्ष्मणसिंह ने बताया कि जिले में निवासरत घुमंतू समुदाय विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू के आवश्यक दस्तावेजों जैसे वोटर आईडी, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, घुमंतू जाति पहचान प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि दस्तावेजों के लिए शिविर लगाया गया है। शिविर में घुमंतु समुदाय के अलावा शहर के आमजन भी लाभ लेने के लिए पहुंचे इस दौरान घुमंतु समुदाय के लोगों ने वोटर आईडी आधार कार्ड जन आधार कार्ड जाति प्रमाण पत्र मूल निवास राशन कार्ड आदि के लिए आवेदन किया। वहीं चिकित्सा विभाग की ओर से शिविर में आए लोगों की ब्लड शुगर ब्लड प्रेशर आदि की जांच निशुल्क की गई साथ ही मरीजों की जांच कर दवाई वितरित की गई। शिविर में दिनभर लोगों का ताता लगा रहा। शिविर में घुमंतु समुदाय के लिए सरकारी विभाग के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं पालनहार वृद्धावस्था पेंशन विधवा पेंशन आदि से लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर में मेडिकल विभाग के द्वारा 30 जनों की ब्लड शुगर, 33 जनों के ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इसके अलावा 10 जनों के जाति प्रमाण पत्र बनाए गए। इसके अलावा जन आधार आधार कार्ड मूल निवास और जाति प्रमाण पत्र के 200से अधिक आवेदन प्राप्त किए गए। पंचायत समिति समाज कल्याण विभाग चिकित्सा विभाग नगर परिषद रसद विभाग सूचना प्रौद्योगिकी सांख्यिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

योगा ओलंपियाड का आयोजन आज

करौली (नि.स.)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आदेश अनुसार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय,स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के योगा ओलंपियाड का आयोजन आज शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में किया जायेगा। प्रभारी पुखराज मीना कार्यक्रम अधिकारी समसा ने बताया कि ओलंपियाड के लिए रजिस्ट्रेशन का समय प्रातः 9:00 बजे से 10:00 बजे तक का रहेगा।रजिस्ट्रेशन के समय जन्म तिथि प्रमाणीकरण के लिए कोई भी मूल दस्तावेज आधार कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,विद्यालय पहचान पत्र आदि प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। योगा ओलंपियाड प्रभारी निशा अग्रवाल ने बताया कि जूनियर वर्ग के लिए आयु 14 वर्ष से अधिक ना हो एवं सीनियर वर्ग के लिए आयु 19 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयु की गणना के लिये आधार तिथि 1जून 2024 रहेगी।एक विद्यालय से कुल 8 विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।जूनियर वर्ग छात्र दो,जूनियर वर्ग छात्रा दो,सीनियर वर्ग छात्र दो,सीनियर वर्ग छात्रा दो विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

केन्ट्रा व पिकअप में टक्कर, तीन घायल

रूपवास । गांव खानुआ के पास एनएच 123 पर गुरुवार को एक केन्ट्रा गाड़ी व पिकअप में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिससे पिकअप गाड़ी में सवार चालक समेत 3 जनें घायल हो गए। वही घटना की सूचना मिलते ही गहनौली मोड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। तथा घायलों को आनन फानन में पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से शहर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से 2 घायलों को गम्भीर हालत होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद आरबीएम भरतपुर के लिए रैफर कर दिया। गहनौली मोड़ थाने के हैड कांस्टेबल राजेश कुमार जटमासी ने बताया कि गांव खानुआ के पास भरतपुर की तरफ से आ रहे केन्ट्रा ट्रक व पिकअप गाड़ी में जोरदार भिड़ंत हो गई। जबकि पिकअप गाड़ी खानुआ की तरफ जा रही थी।

ईमानदारी का परिचय दिया,10 लाख के गहने लौटाए

करौली(नि.स.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड करौली के तत्वाधान में आयोजित शिविर में गाइड कैप्टन यूनिट लीडर बेसिक कोर्स में भाग ले रही शिक्षका ममता सैनी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मालूपाड़ा,अंजू चैधरी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बालाखेड़ा,नादौती और राजकुमारी बैरवा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोरधनपुरा सपोटरा गत दिन शाम को मदनमोहन जी मंदिर से दर्शन कर स्काउट कार्यालय लौट रही थी तो रास्ते में एक लेडीज पर्स पड़ा मिला जिसे खोल कर देखा तो उसमें सोने चांदी के आभूषण थे उन्होंने काफी देर तक वहां खड़े होकर इंतजार किया लेकिन किसी के नहीं आने पर शिविर स्थल पर लौट आई ओर अपना पता पास के दुकानदार को दे आई जिससे इसके मालिक के आने पर सूचना दी जा सके। पर्स में मिले बिल ओर अन्य दस्तावेजों से मालिक का पता लगाने का प्रयास किया बाद में मालिक का पता चलने पर कोतवाली थाना करौली में आकर सारे गहने वीणा शर्मा पत्नी विवेक शर्मा निवासी गंगापुर को सुपुर्द कर ईमानदारी का परिचय दिया। स्थानीय सचिव संघ मुकेश सारस्वत ने बताया कि गत 22 नवंबर से शुरू होने वाले गाइड कैप्टन यूनिट लीडर बेसिक कोर्स का समापन जिला स्काउट कार्यालय में हुआ शिविर में भाग लेने वाली सभी महिला अध्यापिकाएं पूर्ण मनियोग से प्रशिक्षण प्राप्त किया है और स्काउट गाइड ईमानदार होते हैं इस नियम को साकार करते हुए ईमानदारी का परिचय दिया है। गाइड कैप्टन ममता सैनी द्वारा किए गए ईमानदारी के परिचय की स्काउट सीओ अनिल गुप्ता, स्काउट सीओ निरमा मीणा, संभागीय आयुक्त भरतपुर विनोद धवन,मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीणा एवं स्थानीय संघ करौली के सभी पदाधिकारीयों ने खुशी जाहिर करते हुए बहुत-बहुत बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की। संभागीय आयुक्त विनोद घवन ने कहा कि महिला शिक्षिकाओं ने शिक्षक समाज का मस्तिष्क गर्व से ऊंचा कर दिया है ईमानदारी की मिसाल कायम कर लाखों रुपए की जेवरात सही मलिक को पहुंचाकर शिक्षक समाज का मस्तिष्क ऊंचा कर दिया है हमें ऐसे शिक्षकों पर गर्व है।

सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन

गंगापुर सिटी । मीणा धर्मशाला में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय महारानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। शिविर में सदर थाना अधिकारी पन्नालाल और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश मीणा बतौर अतिथी शामिल हुए। शिविर महिलाओं और बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों में आत्मरक्षा करने के लिए आयोजित किया गया।

शिविर के दौरान बाल सुरक्षा, पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी गई। सदर थानाधिकारी पन्ना लाल ने कहा कि सीखने की जिज्ञासा हो तो आत्मरक्षा जैसा कार्य विशेष तौर से अभ्यास से सीखा जाता है। प्रशिक्षण के साथ आत्म विश्वास भी होना जरूरी है। महिलाओ को आत्मरक्षा की आवश्यकता प्रत्येक स्तर पर जरूरत पडती है। साथ ही समस्याओं को अबला से कैसे बचाना है। गुड टच व वड टेच के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि लिंग भेद अन्तर आत्मरक्षा शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अति आवश्यक है। घटना किसी भी प्रकार की घटित हो, इससे पहले जागरूक होकर समस्या त्वरित निस्तारण किया जाए। आज के युग के अन्तर्गत महिलाएं हर क्षेत्र में विकसित है। जरूरत पडने पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस हैल्प लाइन 1०98 पर शिकायत कर सकते है। जिससे महिलाओं की सुरक्षा भी की जा सके। इससे पहले एडीएम रामकिशोर मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मीना के द्वारा सभी संभागियों को आत्मरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए महिला सुरक्षा के बारे में बताया। एडीएम ने विदेशों में महिलाओं की सुरक्षा के बारे में अपनाए जाने वाले तरीकों के बारे में जानकारी दी। आत्मरक्षा के बारे में महिलाओं के द्वारा शानदार प्रदर्शन कर आत्मरक्षा संबंधी करतब दिखाए और महिलाओं से रूबरू होकर विद्यालय में इसे कैसे उपयोग करोगे और महिलाओं को सशक्त होने की जरूरत है, इसके बारे में बताया। स्कूल में अध्ययनरत बालिकाओं शारीरिक, मानसिक एवं समाजिक स्तर पर सशक्त बनाया जाए। जीवन जीने की कला विकसित करने और हमेशा प्रसन्न होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिला प्रशासन की ओर से संदेश दिया कि विद्यालय में पढने वाली हर बालिका आत्म निर्भर और सशक्त बने तथा नए भारत का निर्माण करें।

बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत कार्यशाला हुई

करौली (नि.स.)। ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा गणपति वीर रेस्टोरेंट करौली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के विजय सिंह माली ने बताया कि महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू किया गया यह अभियान हमारे बच्चों के लिए एक सुरक्षित,उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने कि दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम है। उन्होने बच्चों कि सुरक्षा व संरक्षण के लिए सबसे बड़े गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी होने के नाते हम विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए बाल विवाह के पूरी तरह खात्मे की दिशा में काम करते रहेंगे। बाल विवाह के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले में जेआरसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जिसमें न्यायालय ने बाल विवाह को समाप्त करने के लिए राज्यों और सभी हितधारकों के लिए एक विस्तृत कार्य योजना और रोडमैप तैयार किया है। उन्होने बताया कि इस वर्ष की शुरुआत में जेआरसी के हस्तक्षेप के कारण राजस्थान उच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसला दिया जिसमें पंचायतों को राज्य में बाल विवाह को रोकने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया खासकर अक्षय तृतीया के दौरान।बाल विवाह के खात्मे की लड़ाई में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एक निर्णायक कदम है।बाल विवाह के खिलाफ दुनिया के सबसे बड़े सामाजिक लामबंदी अभियान को सफल बनाने के लिए हम अपनी तरफ से पूरा सहयोग करेंगे।गठबंधन वर्ष 2030 तक बाल विवाह के खिलाफ टिपिंग प्वाइंट यानी निर्णायक बिंदु तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है जिसका हमारे संस्थापक भुवन ऋभु ने अपनी किताब श्व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन टिपिंग प्वाइंट टू इंट चाइल्ड मैरेज में विस्तृत खाका खींचा है।

पुलिस ने किए 3 हजार रूपए बरामद

गंगापुर सिटी । नादौती थाना पुलिस ने गुरुवार को चोरी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी किए गए रुपए में 3 हजार रुपए बरामद किए हैं। आरोपी से पूछताछ में अन्य मामलों का खुलासा हो सकता है। एसपी ममता गुप्ता ने बताया कि 3 दिसंबर 2०24 को पीडित धनुचन्द पुत्र रामसहाय खटीक निवासी सोप ने नादौती थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि रात के समय घर में घुसकर अज्ञात चोर 3० हजार रुपए की चोरी कर ले गया। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। सहायक उप निरीक्षक मोहिन्द्र सिंह मय टीम ने चोरी के प्रकरण में गुरुवार को वांछित आरोपी नमोनारायण उर्फ पिन्टू पुत्र गिर्राज मीना निवासी सोप थाना नादौती को गिरफ्तार किया गया।

अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में आईक्यूएसी के तत्वावधान में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए दो दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम दिन स्नातक स्नातकोत्तर कला संकाय की छात्राओं के लिये तथा द्वितीय दिवस विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की स्नातक स्नातकोत्तर की छात्राओं हेतु ये कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुजाता चौहान ने की। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए बताया कि महाविद्यालय परिवार आपके शैक्षिणक एवं सहशैक्षिणक गतिविधियों के संचालन के लिए सदैव तत्पर है, जिनके माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सकेगा।

कार्यक्रम में पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से डॉ सरोज एवं डॉ नटवर सिंह ने महाविद्यालय में कार्यरत समितियों की जानकारी दी तथा महाविद्यालय में संचालित कॉर्सेज के बारे में बताते हुए सभी संकायों के आचार्यों, प्रभारियों से परिचय करवाया एवं महाविद्यालय की विभिन्न प्रयोगशालाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ करूणा गौर ने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों व महाविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

अभियान चलाया: भरतपुर निगम प्रशासन के द्वारा बाजार में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाया।

पश्चिम मध्य रेल
सं. ईएल/50/एनआईटी/18(2024-25)
दिनांकः 25.11.2024

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **निविदा संख्याः** ईएल/50/226/2024-25, **कार्य का नामः** कोटा डिविजनल अस्पताल में नई ओपीडी और हिंडौन सिटी गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का विकास का प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य, **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 1,62,62,085.46, **बयाना राशि (₹ में):** ₹2,31,300/-, **कार्य समाप्ति अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समयः** 20.12.2024 को 15:00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। **नोटः** ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास ।।। डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

वरि.मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

सफाई घर का किया उद्घाटन

भरतपुर (निस)। समृद्ध ग्राम्य अभियान द्वारा संचालित भारतीय स्टेट बैंक वित्तीय समावेशन कार्यक्रम का एसबीआई बैंक के मुख्य महाप्रबंधक डॉ पीसी साबू ने अवलोकन किया और प्रगति की जानकारी लेकर सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाने के लिए अधिकाधिक लोगों के खाता खोलने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उन्होंने हिमाचल सरकार की तर्ज पर बनाए गए सफाई घर का उद्घाटन भी किया। वित्तीय समावेशन कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी देते हुए समृद्ध ग्राम्य में अभियान के सचिव सीताराम गुप्ता ने बताया कि राजस्थान के 9 जिलों में संचालित इस कार्यक्रम के तहत 122 ग्राहक सेवा केंद्र खोले गए हैं जो 738 गांव में संचालित हैं। इन ग्राहक सेवा केन्द्रों के माध्यम से तीन लाख 39 हजार 983 खाता खोले जा चुके हैं तथा 35833 को अटल पेंशन योजना 29 हजार 838 को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और 61 हजार 296 परिवारों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि संस्था अधिकाधिक ग्रामीणों को बीमा योजनाओं से लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। एसबीआई बैंक वित्तीय समावेशन के महाप्रबंधक डॉ साबू ने कहा कि केन्द्र प्रवर्तित अन्य योजनाओं में अधिकाधिक गरीब लोगों को बीमित कराये जिससे विपत्ति के समय उन्हें राहत मिल सके। सफाई घर के उद्घाटन के बाद डॉ साबू ने कहा कि सफाई को हमें जीवन का अंग बनाने की आवश्यकता है। जिसके लिए केंद्र और राज्य सरकार है विशेष अभियान भी चल रही है। उन्होंने कहा कि समृद्ध ग्राम्य अभियान के सचिव सीताराम गुप्ता के द्वारा जो शहर की सफाई व्यवस्था के लिए जगह-जगह सफाई घर लगवाई जा रहे हैं वह कार्य सराहनीय है। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता, प्रबंधक नितिन शर्मा, सीडीपीओ महेंद्र अवस्थी, लेखाकार अनिल गर्ग, विष्णु मित्तल, सीमा शर्मा, पूनम सोगरवाल, शैलजा शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, ब्रिजेश चाहर, रोहित मित्तल आदि मौजूद रहे।

गर्म वस्त्रो का वितरण किया

भरतपुर (निस)। कस्बा भुसावर में संचालित सेठ गूजरमल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को कस्बे के कई विद्यालयों में नन्हे मुन्ने बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म वस्त्रो का वितरण किया गया। ट्रस्ट के पदाधिकारी सतेंद्र सिंघल ने बताया कि कस्बे के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, आर्य महिला विद्यापीठ, राजकीय जगन्नाथ पहाड़िया उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या गुरुकुल के करीब 151 विद्यार्थियों को गर्म वस्त्रो का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रस्ट के सदस्य चंद्र प्रकाश आर्य रहे। जबकि अध्यक्षता अमृतलाल मित्तल द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्येंद्र सिंघल, महेंद्र चौधरी एवं शुभम अग्रवाल ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान एक-एक बच्चे को बुलाकर उन्हें गर्म वस्त्र वितरित किए और प्रतिदिन पहनने को लेकर अपील की।

आयुर्वेद महाविद्यालय में मनाई एप्रेन सैरामनी

आयुर्वेद महाविद्यालय में बीएएमएस के छात्रों ने मनाई एप्रेन सैरामनी मनाई ।

भरतपुर (निस)। एनसीआईएम के दिशानिर्देश में राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय में सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए चल रहे पंद्रह दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का समापन एवं व्याइट कोट सेरामनी समारोह महाविद्यालय कैंपस में मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं विद्युत विभाग में रहे पूर्व आफिस सुपरिटेंडेंट भागीरथ सिंह प्राचार्य एवं अधीक्षक डॉ रीना खंडेलवाल उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित की मौजूदगी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धन्वंतरी पूजा एवं छात्रा प्रियंका, युक्ति एवं शिखा द्वारा वंदना गायन से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भागीरथ सिंह ने चिकित्सा सेवा से जुड़े लोगों को रोगी और उनके अभिभावकों के प्रति उदारता बरते जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि रोग से पीड़ित अवस्था में जीवन के प्रति बनी निराशा के अवसर पर चिकित्सा सेवा से जुड़े लोगों का व्यवहार और सहानुभूति उपचार में बहुत बड़ी भूमिका अदा करता है। इस अवसर पर उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा पंद्रह दिवसीय ओरिएंटेशन एवं एप्रेन सैरामनी के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य एवं अधीक्षक डॉ रीना खंडेलवाल ने स्वागत उद्बोधन के साथ साथ महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को अपनी संस्कृति और आयुर्वेद के प्रति समर्पित भाव रखते हुए कुशल चिकित्सक बनने की सलाह दी। बीएएमएस के छात्र रवि पुनार एवं पायल अग्रवाल द्वारा पंद्रह दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में आयोजित व्याख्यान एवं मार्गदर्शन के साथ साथ भरतपुर में आयुर्वेद से जुड़े संस्थानों के बारे में अनुभव की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर बीएएमएस में अध्ययनरत सीनियर छात्रों द्वारा नव प्रवेशित बीएएमएस के छात्र छात्राओं को अतिथियों एवं महाविद्यालय में कार्यरत शैक्षिणक अधिकारियों द्वारा एप्रेन पहनाकर एवं पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

प्राचार-प्रसार रथ को किया रवाना

भरतपुर (निस)। परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए पुरुष नसबंदी पखवाडा 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गुरूवार को स्वास्थ्य भवन से परिवार नियोजन में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने हेतु एवं समाज में जागरूकता लाने के लिए प्रचार-प्रसार रथ को अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परिवार कल्याण भरतपुर डॉ बीएल मीना द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर डॉ गौरव कपूर ने बताया कि जागरूकता लाने के साथ ही चिकित्सा संस्थानों मे पुरुष लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण नसबंदी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। पखवाड़े के दौरान जनसंख्या स्थिरीकरण में पुरुषों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष सभी गतिविधियां, स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा की अवधारणा पर आयोजित की जाएंगी। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल मीना ने बताया कि अभियान में प्रथम चरण मोबिलाइज